खंड २६ संख्या ३९

टाइम्स ऑफ इंडिया प्रकाशन

रु.५.००

वेताल के दुश्मन

जंगल पार... पहाड़ी इलाका... ऐसे राजाओं का प्रदेश जो अब भी मध्ययुगीन शान-शौकत में जी रहे थे.

उनमें सबसे अधिक शक्तिशाली, घमण्डी और बिगड़ा हुआ था ओर्क.
मूर्ख! मेरी कॉफी में इतनी चीनी डाल दी!
माफ करें, मालिक... उह...

ओर्क अक्सर पास के जंगलों में जाकर खेलता था.
हं... वह है मेरा प्रिय शिकार!

?

यह कह रहा है, हिरण उसका पाला हुआ है.
यह इसका चारा खाने के लिये रोज जंगल के बाहर आता है.

एक भिखारी की यह हिम्मत! मेरा शिकार का मजा बिगाड़ दिया!? ..मेरा निशाना पक्का था!... इसे यहीं कोड़े मारो!

नजदीक के रास्ते पर....
ओ चलते-फिरते प्रेत... उन्होंने मेरे पोते को पकड़ लिया.

एक शिकारी मेरे पोते के पालतू हिरण को मार रहा था. लड़के ने रोक दिया.
वे अब उसे मार रहे हैं... वे रहे.

फेंक दो हंटर!
?
!
!

कौन है यह नकाबपोश, मेरे काम में रुकावट डालने वाला? इसे गोली मार दो, फिर इस लड़के को कोड़े लगाओ!
इसे, गोली मार दें?
ओह, नहीं; सरकार... यह ठीक नहीं होगा... यह...

...वेताल है.
चलता-फिरता प्रेत.
हम इसके जंगल में हैं.
वह हम सबको तबाह कर सकता है....

तुमने अपने राजा का हुक्म नहीं माना? तुम सबको इसकी सज़ा मिलेगी!
ठीक है!..पहले लड़के की खबर लूंगा...फिर नकाबपोश की..

!
लड़के को भूल जाओ.. मुझसे निपटो! मैं तुम्हारे बराबर का हूं!

क्रुद्ध राजा ने राइफल उठा ली.
इस जंगल में कोई कोड़े नहीं लगा सकता.
यह तुम कहोगे? मैं राजा ओर्क हूं... तुमने मुझपर हाथ उठाया?

तुम्हारा शिकार का लाइसेंस रद्द किया जाता है!

बचाओ. बचाओ.
जहां से आये हो, वहीं चले जाओ! फिर इस जंगल में आये तो खैर नहीं है! समझे!

तुममें से किसी ने मेरी मदद नहीं की!
मालिक, करते कैसे.. वह वेताल था!
जंगल उसके जहरीले तीरों वाले बौनों से भरा पड़ा है... हम सब मारे जाते!

अब कोई तुम्हारे हिरण को गोली नहीं मारेगा.. घबराओ मत!
चलता-फिरता प्रेत... हमारा दोस्त?

अपने महल में लौटकर ओर्क क्रोध से लाल-पीला हो रहा था!
मेरे आदमियों ने मेरा हुक्म मानने से इंकार कर दिया... मेरा अपमान देखते रहे.. मैं मूर्ख जैसा दिख रहा था...
वजीर, कौन था वह आदमी?

हुजूर, उसके बारे में कई बातें सुनी हैं, कुछ कहते हैं... वेताल मर नहीं सकता.
मरना होगा उसे! मेरे साथ बद-सलूकी के लिये. मैं मारूंगा उसे!

जल्दी ही-
यह स्पाइक है. मेरी जेल का सबसे ताकतवर कैदी.. उम्र कैद भोग रहा है.
यह ठीक रहेगा, जेलर. इसे राजा के हवाले कर दो.

कहां ले जा रहे हो मुझे? बात क्या है?
राजा ने बुलाया है तुम्हें.

यह मोटू है, बहुत परेशान कर रखा है इसने!
यह चलेगा.
छोड़ दो मोटू!
ओ! मोटू!

आखिर बात क्या है? कहां ले जा रहे हो मुझे?
राजा के पास.
आ गये दिन इसके!
चलो, छुटकारा मिला!

हां, मैं यहां सबसे अच्छा गाइड हूं जंगल का. क्यों?
चोरी के लिए तुम्हारा लाइसेंस छीना गया है. तुम काम आओगे.

राजा के महल में.....
महाराज आ रहे हैं खड़े हो जाओ.
?
?
?

तुम तीनों को जंगल से एक आदमी खोज कर लाना है... जिंदा या मरा हुआ!
!
!
!!

किस आदमी को खोजना है हुजूर ?
बता दिया जायेगा. एक मुश्किल काम के लिये तुम तीनों को चुना गया है. बड़ा इनाम मिलेगा.

तुम सर्वश्रेष्ठ जंगल-गाइड हो. पर चोरी की आदत के कारण तुम काम नहीं कर सकते.
कामयाब हुए तो तुम्हें लाइसेंस फिर से मिलेगा.

"स्पाइक, छुरा और पिस्तौल तुम्हारे खिलौने हैं. तुम्हारी उम्रकैद की सजा माफ हो सकती है.
"मोटू तुम पहलवान हो. हर जगह की पुलिस को तुम्हारी तलाश है. तुम भी बच सकते हो.

और काम सिर्फ यह है कि...
...उस आदमी को खोज कर आपके पास ले आयें...
ज़िंदा या मुर्दा? है कौन वो?
उसका नाम बेताल है. जंगल में रहता है.

आप मज़ाक तो नहीं कर रहे! मैं जंगल को जानता हूं. अक्सर बेताल का नाम सुना है मैंने.
वह है ही नहीं. जंगल वालों का अंधविश्वास है वह.

चुप रहो, शैतान! मुझे जवाब दे रहे हो? वह है. हफ्ता भर पहले मैंने उसे देखा है.
उसे खोज कर लाओ, वरना तीनों को गोली से उड़वा दूंगा.

इसबीच—
ओ चलते-फिरते प्रेत, राजा ओर्के बहुत ताकतवर है... बदले की भावना वाला.
मुझे नहीं लगता अब वह यहां आयेगा.

तो तय हो गया, तुम बेताल को मेरे पास लाओगे - ज़िंदा या मुर्दा.
वह दिखता कैसा है?
कहां है?

मेरा एक सैनिक, जिसने उसे मेरे साथ देखा था, अच्छा कलाकार है. उसने याददाश्त से यह चित्र बनाया है.
पथरीली खाड़ी के पास एक हफ्ता पहले उसे देखा था. मैंने.

अगर तुम कामयाब हो गये तो आज़ादी और इज्जत तो तुम्हें मिलेगी ही....
यह सारा सोना भी तुम्हारा होगा, मेरी सलाह है उसे देखते ही गोली मार देना.

वे चुपचाप सोने को घूर रहे थे. सब एक ही बात सोच रहे थे.
यह सारा सोना...
मुझे अकेले को...
क्यों न मिले ?

ये कामयाब होंगे, हुजूर ?
हां. सब हत्यारे हैं: मुझे पता है तीनों शैतान क्या सोच रहे थे... सारा सोना अकेले कैसे हड़पा जाये...

यह भी देखना मज़ेदार होगा कि कौन जीतता है, कोई भी जीते... मुझे बदला लेना है...
वेताल ने, वह चाहे जो भी हो, मुझ पर हाथ उठाया था.. मेरा अपमान किया...

हत्यारे निकल पड़े.. वेताल को पकड़ने... ज़िंदा या मुर्दा !

ओर्क के तीनों हत्यारे एक ही बात सोच रहे थे...
वेताल को अकेला पकड़ लूंगा...इन दो को खत्म करके सारा सोना अपने पास रखूंगा.

...जंगल की ओर.
वेताल का नाम सुना है?
जंगल में किसने नहीं सुना?
कहां मिलेगा वो?

सब जगह... कहीं भी. वेताल को खोजा नहीं जाता, वह खुद आता है.
कैसा है? पहलवान?
निशाने-बाज?

"पहलवान? उससे ज्यादा ताकतवर कोई है? भाले से शेर का शिकार... गोरिल्ला से कुश्ती...."

"लोग कहते हैं, वह हाथ से पेड़ उखाड़ लेता है मुझे इसमें शक नहीं.

"सौ कदम की दूरी से वह गोली चलाकर सूअर के कान पर बैठी मक्खी का निशाना लगा सकता है... सूअर को कुछ नहीं होता!"

तीनों आदमी....एक ही विचार....
वेताल को खोजने तक, इन दोनों के साथ ही रहना चाहिए.

तुममें से किसी ने सुना है वेताल कहां है?
यह मत कहना कि तुम वेताल को नहीं, वेताल तुम्हें खोजता है. बहुत सुन लिया यह.

सुना है, वह कल सोमा गांव में था.
हां, गानो गांव में भी.

कैसे हो सकता है? सोमा और गानो में 500 मील की दूरी है. जंगल में कोई रास्ता भी नहीं है.
वेताल एक साथ दो जगह हो सकता है.
कभी-कभी तीन जगह भी.

"लोग कहते हैं, वेताल और उसका घोड़ा तूफान चिड़ियों की तरह उड़ते हैं... शायद यह सच न हो....

यह सच है!
मैंने कहा शायद!
अच्छा, यह बताओ क्या उम्र होगी उसकी?

कुछ कहते हैं ४०० साल कुछ ४२० साल
बेताल चलता-फिरता प्रेत है.
...जो कभी नहीं मरता.

यह कैसी चिड़िया पकड़ने के लिये राजा ने भेजा है हमें!
!
!

यह बेताल किसी खास जगह रहता है?
सब जानते हैं, बीहड़ बन में..पर कोई वहां बिना बुलाये जाता नहीं!

जंगल में बातें फैलने लगीं....
तीन गोरे आदमी... बेताल की तलाश में..

यह नगाड़े कैसे बज रहे हैं?
पता नहीं; जंगलियों की बकवास.
यह तीन लोग बुलाने का इंतज़ार नहीं कर रहे.
..तलाश में तीन गोरे आदमी... बेताल की तलाश में तीन गोरे आदमी...

बात बीहड़ बन तक पहुंची...खोपड़ीनुमा गुफा तक.
...बेताल की तलाश में तीन गोरे आदमी...

मुझे लगता है कोई कारण था किसी के बीहड़ बन में न जाने का, पर याद नहीं आ रहा.

अरे.. यह कहां से आ गया? चुपचाप..
चले जाओ.

क्यों, तुम पिद्दी...
ठहरो! अब याद आया! जहरीले बौने! यही कारण है!

जहरीले बौने? तो क्या हुआ? हमें कोई नहीं रोक सकता...
नहीं, मोटू! अपने पीछे देखो!

हूह? पल भर पहले तो वहां कोई नहीं था!

ये सब तरफ हैं!
!
!!

तुमने बंदूक उठा ली होती... तो हम सब जहरीले तीरों से छिदे होते... पिनकुशन की तरह!
काम बताओ!
इन की भाषा मुझे याद है
हमें... आ... बेताल से मिलना है.
ठहरो यहीं.

तीन घंटे हो गये इंतजार करते.
वे दिख तो नहीं रहे... पर हमें देख ज़रूर रहे हैं.. सब तरफ से!

ऊप्स... यही है क्या? सब एक-से दिखते हैं.
वेताल कहता है यहीं रुको... वह खुद आकर मिलेगा.
सब एक से दिखते हैं.

लेकिन वक्त? हफ्ते भर में? महीने भर में?
बहुत वक्त है हमारे पास. सोना याद है न?
हमें योजना बनानी होगी...

इसबीच-
हुजूर, वेताल की खोज में गये हत्यारों से अभी तक कोई खबर नहीं मिली है.
सोने और आजादी के लालच में वे उसे खोजकर ही मानेंगे.

वेताल मिलेगा तो हम करेंगे क्या?
सबसे पहले तो उसे इस जंगल और जहरीले बौनों से दूर ले जाना होगा... ताकि वह अकेला मिले!

तो क्या करें... उसे जिंदा ले जायें या मुर्दा?
ज़िंदा ले गये तो राजा ज्यादा खुश होंगे... हमें ज्यादा सोना मिलेगा!
तो... ओर्क है इसके पीछे!

उसे मैं संभालूंगा... आज तक कोई भी मेरे एक मुक्के के बाद संभल नहीं पाया.
उससे काम नहीं चला तो मेरा छुरा तो है ही!
तुम नाकामयाब रहे तो... मैं यहां सबसे बढ़िया निशाने-बाज हूं!

पूरी रात गुजर गयी इंतज़ार करते... ओह... उनमें से एक!
बेताल तुमसे मिलेगा... दक्षिण में दो मील दूर... मोड़ पर... अभी...

फंस गया हमारे जाल में... खुद ही बीहड़ वन और जहरीले लोगों से दूर पहुंच गया!

अचानक—
वही है?
हां!
गाड़ रहे... पहले मैं...

तुम बेताल हो?
हां. क्यों मिलना चाहते थे मुझसे?

बेताल झुक गया...
इसलिये.

ओ, तो तुम्हीं हो जिसके पहले मुक्के के बाद कोई संभल नहीं पाया. है न?
उम्फ!
क्या तेज़ी है! मैं देखता हूं इसे...

और तुम सबसे अच्छे चाकूबाज हो... ठीक?

और तुम हो सबसे बढ़िया निशानेबाज... है?
ओऽऽ! इतनी फुर्ती! हाथ भी हिलते नहीं दिखे!

शाबाश, ओ चलते-फिरते प्रेत!

ये लोग हम पर नजर रखे हुये थे!
मोटू को हराया... मुझे गिराया... तुम्हें हराया!...यह एक आदमी है या पूरी फौज?

ओर्क के महल में—
वेलाह ने उसे पकड़ कर कहा, जंगल से दूर रहना, वरना जिंदा नहीं छोड़ूंगा!
और वह कुछ नहीं कर पाया!
श्श्श.. सावधान!

तुम लोग किस बात पर हंस रहे थे?
कुछ नहीं, मालिक!
बस,यूंही मालिक!

मेरी पीठ पीछे मुझपर हंसते हैं... उस वेताल के कारण...
खुसपुस-खुसपुस-

जब मेरे आदमी उस वेताल को बांध कर मेरे सामने पटक देंगे, तब देखूंगा कौन हंसता है मुझपर!
जी हां, हुजूर.

रात... अंधेरे के साये में... ओर्क के बगीचे में अजीब आवाज़ें...

...और अगली सुबह....
हुजूर, सिंहासन पर....
अह....वे वेताल को ले आये?

मेरे तीन हत्यारे.. यहां कैसे...और इस तरह?
अ...एक के पास यह चिट्ठी है....
राजा ओर्क... और हत्यारे मत भेजना, वरना मुझे गुस्सा आ जायेगा.

हमने पूरी कोशिश की…
वह हमसे बेहतर था…
मैंने तुम्हें वेताल को लाने के लिये भेजा था, और तुम..दूर हो जाओ मेरी नज़रों से.

बात ओर्क के सैनिकों तक पहुंची…
वेताल को पकड़ने के लिये उसने इन तीनों को भेजा! वेताल ने सबको बांधकर लौटा दिया!
हा: हा: हा: हा..
!

वे सब मुझ पर हंस रहे हैं! सेनापति को बुलाओ… अभी!
जो आज्ञा!

मेरी सारी सेना ले जाओ जंगल में… घुड़सवार, तोपची, पैदल… सब! उस वेताल को मेरे सामने हाजिर करो— ज़िंदा या मुर्दा!

अब… देखता हूं!

ओर्क के ५० हजार सैनिक… वेताल को पकड़ने… जंगल की ओर….

अजीब नहीं लग रहा जनरल, एक आदमी को पकड़ने के लिये पूरी सेना?
हुक्म है… पर यह वेताल कौन… क्या है?
मैंने जंगल का पथ-प्रदर्शक बुलवाया है.

सारा जंगल टॉम-टॉम की आवाज़ों से गूंज उठा....
ओर्क की सेना... वेताल की खोज में......

ओर्क बुरा आदमी है, मेरे पोते को हंटर मार रहा था. वेताल ने उसे रोका.
और ओर्क ने पूरी सेना भेज दी... वेताल को पकड़ने के लिये!
वेताल सारी सेना को हरा सकता है!

पूरी सेना को संभालना वेताल के लिये भी मुश्किल हो सकता है. सुना है, उन्हें रास्ता बतानेवाले चाहिए.
हम देंगे पथ-प्रदर्शक.

ये चार हैं... पथ-प्रदर्शक-ये हमें बीहड़ बन तक ले जायेंगे... वह जहां भी है.
तत्काल कूच करो.

हमारा भारी सामान पार कैसे पहुंचेगा? ज़रूर कोई और रास्ता भी होगा.
और कोई रास्ता नहीं है... बीहड़ बन का!

तोपें इसके पार नहीं ले जा सकते.
उन्हें यहीं छोड़ दो. घुड़सवार और पैदल सेना आगे बढ़े. एक आदमी के लिए वे काफी होंगे.

वे पानी पार करने लगे....
हुक्म दिया किसने था?
राजा ओर्क ने!

सेना इसमें से कैसे गुज़रेगी? सड़क कहां है?
सड़क नहीं है. रास्ता बनाओ.

वे घने जंगल में रास्ता बनाते आगे बढ़े...
दिन भर में दस फुट चल पाते हैं हम! कितनी दूर जाना है?
कुछ सौ मील!
उफ! ऐसी-तैसी इस जंगल... और ओर्क की...

हे!... दलदल!
यहां से निकल चलो!

घुड़सवार उस दलदल में नहीं जा सकते! घोड़ों के पैर टूट जायेंगे!
घुड़सवारों को पीछे छोड़ दो. पैदल सेना काफी होगी एक आदमी के लिये!

क्या हाल है वेताल को खोजने वाली ओर्क की सेना का?
सब ठीक है.
हमारे पथ-प्रदर्शक, सही रास्ता दिखा रहे हैं उन्हें!

"तोपखाना पानी पार नहीं कर पाया... घुड़सवार दलदल पर रुक गये.

"अब पैदल सैनिक दलदल से जूझ रहे थे... हर पल उनका गुस्सा और थकान बढ़ रही थी."

पार तो पहुंचे! अब मेरे सैनिकों को आराम चाहिए!
शिविर लगाने के लिये सबसे बढ़िया जगह है यह, सेनापति!

यहां तो बहुत मच्छर हैं! उह! और कोई जगह नहीं है?
नहीं, यही सबसे अच्छी है!

सारे जंगल में मच्छर हैं!
और बड़े-बड़े!

ओ चलते-फिरते प्रेत, ओर्क की सेना को अब क्या करवाना है?
कुछ ऐसा जिससे एक आदमी को खोजने का पूरी सेना का अभियान खत्म हो जाये!

ओर्क की सेना सारी रात मच्छरों को ही मारती रही... बिना सोये.
दुनिया भर के मच्छर यहीं हैं!
कबूतरों जितने बड़े बड़े!

सा'ब. सिपाही थक गये हैं... (जंभाई)... वेताल जल्दी नहीं मिला तो विद्रोह हो जायेगा!
ओऽऽ (जंभाई) सारी रात सोया नहीं... हमें तलाश किसकी है?.. ओ, हाँ... तलाश जारी रखो...

इस बीच, जंगल वाले सारी रात रास्ते में मधुमक्खियों के छत्ते लगाते रहे... मीलों दूर से लाकर....

छत्ते! सब तरफ!
*@!!!
※*??!!

मधुमक्खियों के हमले के साथ ही ज़हरीले बौने भी प्रकट हो गये!

थके हुए सैनिक हैरान थे!
बौने... सब तरफ!
ज़हरीले तीर!

ओर्क के सैनिक... ५० हज़ार... भाग निकले... बिना एक गोली चलाये... जंगल से अभूतपूर्व पलायन....
मुझे यहां से जाने दो!
मुझे भी!

खबर महल तक पहुंची... ओर्क गुस्से से आग-बबूला हो गया!
५० हज़ार सैनिक भेजे...वेताल को पकड़ने के लिये... भाग आये! मूर्ख सेनापतियों को बुलाओ!

तुम्हें हरा दिया...मच्छरों और मधु-मक्खियों ने!
तोपखाना जंगल के भीतर नहीं जा सका!
मेरे घुड़सवार भी! पूरी सेना को खतरे में डालना मूर्खता होती!
मेरी पैदल सेना तो खत्म ही कर दी थी.. आपने!

तुम्हें गिरफ्तार किया जाता है!
बकवास! एक भी सैनिक तुम्हारा साथ नहीं देगा, ओर्क!
ओर्क, अब राज-काज हम संभालेंगे.
...जबतक कोई नया नेता नहीं चुना जाता.

तुम ऐसा नहीं कर सकते! मैं राजा हूं!
तुम थे!

तुम्हारे आदमियों ने ओर्क की सेना को गलत रहबता कर मेरी जान बचायी और
तुम्हारे लिये कुछ करने का मौका कल मिलता है हमें!
हमें खुशी है, हम तुम्हारे कुछ काम आ सके.

और इस तरह कथा फैल गयी... वेताल ने पूरी सेना को हराया!
५० हज़ार सैनिकों ने वेताल को पकड़ने की कोशिश की और उसने उन्हें खदेड़ दिया!
हमने मदद की ही क्या थी!
हां!

खुद बनाओ

इकबाल

प्रथम चरण

जो भी चीज़ें आप जिस भी आकार में बनाना चाहते हैं, उनकी आकृति बनालें.

तीसरा चरण

कड़ी हो जाने के बाद इन्हें ठण्डा होने दें और डिस्टेम्पर से पेंट करें. इसके ऊपर कई कोट वार्निश करें.

दूसरा चरण

दो कप आटा, आधा कप नमक, पौना या एक कप पानी, एक चम्मच कॉफी लें!

पानी में कॉफी घोलकर उसे हल्का रंगीन कर लें. अब सारी सामग्री उसमें डालकर चिकनी मिट्टी जैसा लोंदा बना लें.

इस मोटे घोल से चीज़ों के अलग-अलग हिस्से बनायें.

इन्हें जोड़ते समय किनारे थोड़े गीले कर के दबा दें.

तार को मोड़कर लूप बना लें और हर आकृति के ऊपर लगा लें. अब आग पर सेकें या धूप में रख कर सुखा लें.

इन्हें आप दीवारों पर भी लटका सकते हैं और अपनी कार में भी. चाहें तो चाभी के गुच्छे बना लें.

क्या तुम्हें पता था?

लोग नींद में क्यों चलते हैं?

हमारी दिनभर की गतिविधियां रक्त में कुछ चीजें प्रवाहित करती हैं, इनमें से एक है कैल्शियम. यह मस्तिष्क के निद्रा-केंद्र को उद्दीपित करता है. सक्रिय होने के बाद निद्रा-केंद्र पहले मस्तिष्क के एक हिस्से को बंद कर देता है, ताकि हममें चेतना न रहे. (मस्तिष्क निद्रा) फिर यह मस्तिष्क की कुछ नसों को बंद करता है, ताकि भीतरी और बाहरी अवयव सो जाएं (शरीर निद्रा) सामान्यत: यह दोनों स्थितियां एक-दूसरे से जुड़ी होती हैं. पर ऐसे व्यक्ति में, जिसका स्नायु तंत्र सामान्य प्रतिक्रिया नहीं करता, ये दो स्थितियां असंबद्ध हो जाती हैं. ये लोग नींद में चला करते हैं.

नींद में चलने की क्रिया अक्सर बचपन से जुड़ी होती है, जबकि बिना पूरी तरह जगे बच्चा बिस्तर से उठकर चलने लगता है और जगने पर उसे यह याद नहीं रहता. यह स्थिति अक्सर कुछ मिनट से लेकर आधा घंटे तक रहती है, और लगता है, स्वप्न-रहित निद्रा के दौरान ऐसा होता है. बच्चे की निगाहें खाली-सी होती हैं, वह देख सकता है. पर किसी अन्य की गतिविधि का कोई असर उसपर नहीं पड़ता. घटना के बाद मस्तिष्क पर हानिकारक असर नहीं होता. इसका इलाज मनश्चिकित्सक ही कर सकता है.

— इकबाल

PARRY'S PAGE
पहला हवाईजहाज आज से कोई एक सदी पहले बनाया था राइट बंधुओं ने. आज जम्बो जेट (बोइंग 747, जो संसार का सबसे बड़ा हवाई-जहाज है.) का विंगस्पैन ही राइट बंधुओं की पहली उड़ान से काफ़ी बड़ा है.
यातायात के साधनों के इतिहास में कॉनकॉर्ड का अविष्कार एक बेमिसाल धमाका है. आवाज़ से भी तेज़ रफ्तार यह हवाई-जहाज अपने यात्रियों को २,१७० कि.मी. प्रति घंटे की अद्भुत गति से उनकी मंजिल की ओर ले जाता है.
पिछली बार तुमने हमारे साथ (याने कि कैडबरीज़, कॉफ़ी बाइट, टूथ मी और मेरे साथ) जानवरों की अजीबोगरीब दुनिया की सैर की थी न? तो आओ इस बार हम तरह-तरह की सवारियों के मज़े लूटें. सवारियों की दुनिया भी कोई कम दिलचस्प नहीं होती. तो बच्चो, हमेशा की तरह अपने पैरीज़ पेज को काट कर जतन से रख दो ताकि देखते ही देखते तुम्हारा अपना विश्व-कोश तैयार हो जाए.
आओ सवारी करें!
शायद तुम जानते हो कि पुराने ज़माने में खोजकर्ता, लकड़ी के लट्ठों के बेड़ों पर यात्रा करते थे. लेकिन आज दुनिया के सबसे बड़े जहाज क्वीन एलिज़ाबेथ 2 में २००० यात्री एक साथ यात्रा कर सकते हैं. इसके अलावा इसमें रेस्तरां, फ़िल्मी थियेटर, स्टोर्स, यहां तक कि स्विमिंग पूल भी है.
अब एक रास्ता खोजो! इस नन्ही-सी कार से दौड़ो और इस जाल से बाहर आने का रास्ता खोज निकालो.
और पहली कार? जी हां, वह ऐसी ही दिखायी देती थी. भाप से चलने वाली उस कार की गति ५ कि.मी. प्रति घंटा थी. किंतु जिसे सही अर्थों में कार कहा जा सके ऐसी कार बनायी सन् १८८५ में डेमलर ने और सन् १८८६ में बेंज ने. ये कारें पेट्रोल से चलती थीं.
Parry's
THE KING OF SWEETS
हमारा नया पैरीज़ पेज पसंद आया? तो हमें खत जरूर लिखिए - पता है- पैरीज़, द किंग ऑफ़ स्वीट्स, पो.ऑ. बॉक्स २०४०, मद्रास-६०० ००१.
HTA 7320

अपराध के खिलाफ विज्ञान
उद्यान में हत्यारा

फ्रैंकफर्ट, जर्मनी, में एक युवती बगीचे में से जा रही थी. अंधेरा हो रहा था इसलिए वह ज़रा जल्दी में थी.

अचानक झाड़ियों में से निकल कर एक आदमी उसके सामने आ गया.

भयभीत युवती ने चेहरे पर जबर्दस्ती मुस्कान ला कर निकलने की कोशिश की....

Sc-2/1

...पर...
इधर आओ, कहां जा रही हो!
मुझे जाने दो!

अ ऽऽ...
उफ़!

बाद में उस युवती की लाश मिली, उसका गला घोंटा गया था.

पुलिस ने जांच शुरू की. जल्दी ही एक युवक पकड़ा गया. वह एक बेरोजगार मेकेनिक था, जिसके मुंह और बाहों पर ताजा खरोंचों के निशान थे, वह इस बात का संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाया कि हत्या के समय वह कहां था. जांच से पता चला कि पहले भी वह महिलाओं के मामलों में उलझ चुका है....

अब पुलिस को पक्के सबूत चाहिए थे. युवती के शरीर पर काटने के गहरे निशान थे, पुलिस ने उन निशानों के सांचे बनाये और उन्हें व अभियुक्त को एक ओडोंटोलोजिस्ट* के पास ले जाया गया, डाक्टर ने उन सांचों की जांच की...

*ओडोंटोलोजी दांतों के निशान को कहते हैं.

SC-2/2

डाक्टर की रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय ने उस व्यक्ति को बरी कर दिया. एक सप्ताह बाद पता चला कि, बगीचे में बिजली ठीक करने के लिये गये व्यक्ति ने युवती की हत्या की थी. दंत-विज्ञानी ने एक निरपराध को फांसी की सज़ा से बचा लिया.

१९४५ में दंत-विज्ञान की सहायता से ही दांतों की जांच से हिटलर के विकृत शव को पहचाना गया था. आज दंत-विज्ञानी दुनिया भर में पुलिस की मदद कर रहे हैं. पर भारत में अभी यह विज्ञान शुरूआती अवस्था में है. पुलिस को अनेकों मामलों में मदद देने वाले डा. अरुण गांगुली हमारे देश के प्रसिद्ध दंत-विज्ञानी हैं.

अक्ल की बात

– असमा रज़ाक

मरीज़ों के वार्ड

सब वार्डों में मरीज थे. डाक्टर-नर्सें लगातार काम कर रहे थे. नीचे दी गयी डाक्टर-नर्सों की बातचीत से क्या तुम मरीज़ों के नाम, उपनाम, वे किस वार्ड में हैं और वे क्यों भरती हैं आदि बता सकते हो?

BB-6

मंत्रिमंडल फेरबदल के उत्तर :—

नाम	उपनाम	पुराना विभाग	नया विभाग
अखिल	रंगा	सूचना	राजस्व
शरद	दत्ता	विदेश	बैंकिंग
जगन्नाथ	त्रिवेणी	पर्यटन	श्रम
जगजीवन	सूरज	वित्त	ग्राम विकास
योगेश	मलवान	कृषि	इस्पात

उत्तर अगले अंक में

उत्तर अगले अंक में

बेनेट, कोलमैन एण्ड कं. लिमिटेड के लिए प्रीतीश नंदी द्वारा कॉनवे प्रिंटर्स प्रा. लि. रेडिमनी टैरेस अॅनेक्स, १६७-सी, डॉ. अॅनी बेसंट रोड, वरली, बंबई-४०० ०१८ में मुद्रित और प्रकाशित. संपादक : मुकुल शर्मा । शाखाएं : ७, बहादुरशाह जफर मार्ग, नयी दिल्ली-११० ००२; १३९, आश्रम रोड, अहमदाबाद-३८० ००९; १०५/७ ए.एस.एन. बैनर्जी रोड, कलकत्ता-७०० ०१४; कार्यालय : १३/१, गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट कलकत्ता-७०० ०६९; गंगागृह, ६-डी नुगमबक्कम हाई रोड, मद्रास-६०० ०३४; ४०/१ एम जी. बी. टॉवर्स, महात्मा गांधी रोड, बैंगलोर-५६० ००१; ४०७/१, तीरथ भवन, क्वार्टर गेट, पुणे-४११ ००२; पो. ऑ. बॉक्स ५७, ग्लुसेस्टर जीएल २६ डीएस, यू.कि., लंदन, टेलि. नं. (०४५२) ३०६५५६

195/C

Never Before

A DOUBLE BENEFIT OFFER FROM INDRAJAL COMICS

The Indrajal Comics — Tinker Toy Gift Scheme
PLUS
Added Thrills and Spills in INDRAJAL COMICS

ACTION, when the Phantom saves his beloved Diana from the clutches of a dreaded gang. THRILLS, when Mandrake casts a hypnotic spell on the treacherous Madam Sisa. ADVENTURE, when Dara takes it upon himself to break up an international bunch of crooks.

Only INDRAJAL COMICS gives you all the adventure and excitement with so many daring heroes. PLUS free gifts for different age groups. Details are given below.

FREE GIFT SCHEME

To make sure the readers don't miss this added excitement, INDRAJAL COMICS offers its subscribers the 'Free Indrajal Comics — Tinker Toy Gift Scheme', whereby a 12 months subscription of Rs. 120/- entitles a subscriber to a Tinker Toy. Choose any one from:

Jungle Book	Jigsaw Puzzle	5 years up
Snow White and 7 Dwarfs	Board Game	7 years up
Hare & Tortoise	Board Game	7 years up

For those readers who subscribe to INDRAJAL COMICS for 18 months, the subscription rate is Rs. 180/-. These subscribers are entitled to a Tinker Toy. Choose any one from:

Unify India	Jigsaw Puzzle	6 years up
Ramayan	Board Game	7 years up
Double Fun	Jigsaw Puzzle	8 years up

Current subscribers can also participate in this scheme by extending their subscription by the requisite period.

Hurry! Offer open till stocks last!

Last date — 31st December 1989

SUBSCRIPTION COUPON

Mr. G.V. Narasimham, Sr. Circulation Manager, P.O. Box No. 213, D.N. Road, Bombay-400 001.
(Cheque/DD/IPO/MO to be drawn in favour of Bennett, Coleman & Co. Ltd.)

Dear Sir,

I am sending herewith ☐ Rs. 120/- for ☐ 12 months/☐ Rs. 180/- for ☐ 18 months subscription to INDRAJAL COMICS. Please send me my copies of INDRAJAL COMICS in: ☐ English/ ☐ Hindi/ ☐ Marathi/ ☐ Bengali/ (tick your choice ☑), along with my free gift.

Gift for 12 months subscribers (depending on age)
Snow White & 7 Dwarfs — Board Game ☐
Jungle Book — Jigsaw Puzzle ☐
Hare & Tortoise — Board Game ☐

Gift for 18 months subscribers (depending on age)
Unify India — Jigsaw Puzzle ☐
Double Fun — Jigsaw Puzzle ☐
Ramayan — Board Game ☐

Subscribers Name .... Age ....
Address ....
....
PIN CODE .... Ledger No. (for present subscribers only) ....

INDRAJAL COMICS
The next best thing to a live thriller.

INDRAJAL COMICS
MYSTERY OF THE BLACK BOX

Adwatt

STYLE
COMFORT
The most extravagant collection of shoes with an unbeatable blend of contemporary styles and ultimate in comfort.
Where Style Meets Comfort.
action®

REGD. NO. MH/BY/SC
REGD. NO. TN/MS (C)/53
REGD. NO. KRN/BG/GPO/
REGD. NO. D(C)298/87
REGD. NO. WB CC/501

Regd. No. D-(C)-968
पूर्व शुल्क के बिना डाक में डालने की अनुमति-लाइसेंस सं. U-118